# क्रांति रेंजर्स टीम आख्या – सत्र 2022–23

युवाओं में सेवा भाव, राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं समाज सेवा के उच्च आदर्शों का भाव पैदा करने के लिए रेंजर्स गतिविधियों के लिए महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के तत्वाधान में क्रांति रेंजर्स टीम पंजीकृत है। प्राचार्य प्रोफेसर (डॉक्टर) अंजू सिंह के संरक्षण एवं कुशल निर्देशन में छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु रेंजर समिति के तत्वाधान में वर्ष भर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का संचालन एवं आयोजन किया गया –

- दिनांक 01 जुलाई 2022 से 07 जुलाई 2022 तक प्रदेश में "वन महोत्सव" के संदर्भ में दिनांक 07 जुलाई 2022 को महाविद्यालय में रेंजर समिति की ओर से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति सदस्य तथा रेंजर द्वारा महाविद्यालय परिसर, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर सड़क पर तथा रसीद नगर, नई बस्ती, गायत्री गार्डन आदि स्थानों पर सागौन, जामुन, नींबू, आँवला, कनेर, अमरूद आदि पौधों को लगाया गया।



- दिनांक 18 जुलाई 2022 को महाविद्यालय में रेंजर्स प्रभारी के द्वारा 'भूजल संरक्षण की आवश्यकता एवम् महत्त्व' विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में कुमारी सना बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान , गरिमा पाल बी.ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान, प्रिया बी.ए.प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अनामिका हरित बी. एससी. प्रथम वर्ष , शीतल बी. एससी. प्रथम वर्ष एवम् नादिया बी. ए. तृतीय वर्ष को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अनुजा गर्ग रेंजर्स प्रभारी ने किया । निर्णायक की भूमिका में डॉ0 मोनिका चौधरी, डॉ0 सुशील कुमार एवं मुनेश कुमार का विशेष योगदान रहा ।



- दिनांक 7 नवंबर 2022 को भारत स्काउट और गाइड के स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । स्काउट गाइड के स्थापना दिवस के अवसर पर जारी किए गए झंडा स्टीकर प्राचार्य महोदया, महाविद्यालय प्राध्यापकों एवं छात्राओं को लगाए एवं जिला संस्था मेरठ के कार्यालय में जमा करने हेतु धनराशि एकत्रित की। रेंजर्स गरिमा पाल, मुस्कान, एलिस, मोनी, आंचल, खुशबू आदि का विशेष सहयोग रहा।
- दिनांक 23 नवंबर 2022 को क्रांति रेंजर्स टीम की छात्राओं ने मेरठ स्थित राजकीय स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं में देश प्रेम व देशभक्ति की भावना के साथ भ्रातृत्व का भाव विकसित करना था । संग्रहालय प्रभारी श्री पी.के. मौर्य जी ने छात्राओं को सभी गैलरियों का भ्रमण कराया व सभी सूचनाओं का विस्तृत विवरण प्रदान किया।




- दिनांक 23–01–2023 को महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता समिति, एनसीसी, रेंजर्स, एनएसएस व यातायात समिति ने मानव श्रृंखला का निर्माण किया। मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अंजू सिंह, प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा 200 छात्राओं और 30 कैडेट्स ने प्रतिभाग किया। छात्राओं ने कॉलेज के बाहर मानव श्रृंखला बनाते हुए लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। इसके बाद महाविद्यालय के प्रांगण में उपस्थित होकर सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ ली गई।
- दिनांकः 27–01–2023 को ''उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम'' के अंतर्गत ''यातायात नियम एवम् सड़क सुरक्षा '' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में कुमारी **विशाखा सैनी बी.ए. द्वितीय वर्ष वर्ष ने प्रथम स्थान कुमारी बुशरा बी.ए. तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान** व कुमारी शाहीन एम ए द्वितीय वर्ष एवं कुमारी कुमकुम बीएससी तृतीय वर्ष ने संयुक्त रुप से तृतीय स्थान प्राप्त **किया। प्रोफेसर लता कुमार, नोडल, सड़क सुरक्षा एवं श्रीमती मनीषा भूषण ने निर्णायक के रूप में** उल्लेखनीय योगदान दिया।



- दिनांक 7 फरवरी, 2023 को रेंजर लीडर प्रो० अनुजा गर्ग क्रांति रेंजर्स टीम की रेंजर्स ने "आपका अपना घर" वृद्ध आश्रम साईं पुरम मेरठ में सेवा कार्य किया । वृद्ध आश्रम में जाकर वृद्धजनों के साथ समय व्यतीत किया, श्रमदान कर साफ–सफाई की व आश्रम वासियों हेतु नृत्य, कविता, गीत व भजन– सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उनका मनोरंजन किया। रेंजर्स टीम ने वृद्ध आश्रम को गुड़हल एवं कनेर के पौधे भेंट किए एवं रेंजर लीडर ने सहयोग राशि प्रदान की एवं छात्राओं को भविष्य में अपने घर एवं आस–पड़ोस के सभी बुजुर्ग व्यक्तियों के सम्मान करने की शपथ भी दिलाई।




- दिनांक 27 फरवरी 2023 को त्रिदिवसीय वार्षिक रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का आरंभ प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात रेंजर्स द्वारा प्रार्थना गीत एवं झंडा गीत गाया गया। तत्पश्चात रेंजर्स ने स्कार्फ पहनाकर प्राचार्य एवं शिक्षकगण का स्वागत किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में रेंजर्स को समुदाय, राष्ट्र, एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशील एवम संकल्पबद्ध होकर दायित्वों के निर्वहन करने का संदेश दिया । रेंजर्स प्रभारी प्रोफेसर अनुजा गर्ग ने शिविर के तीन दिनों में आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया। इसके उपरांत डी ओ सी गाइड पूनम चौधरी के द्वारा छात्राओं का टोली विभाजन, प्रतिज्ञा नियम, झंडा गीत , प्रार्थना एवं स्काउट गाइड के इतिहास की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।



- दिनांक 28 फरवरी 2023 को महाविद्यालय में आयोजित किए जा रहे त्रिदिवसीय वार्षिक रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय दिवस का आरंभ प्राचार्य डॉ. अंजू सिंह के द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। झंडारोहण, प्रार्थना एवं झंडा गीत के उपरांत रेंजर्स को डी ओ सी गाइड पूनम चौधरी ने स्वस्थ रहने के लिए बीपी सिक्स कसरतों की जानकारी प्रदान की एवं समस्त रेंजर्स को व्यायाम का अभ्यास कराया। महाविद्यालय प्राचार्य ने रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि हमें शारीरिक एवम मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु योग एवं व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इसके पश्चात छात्राओं को गाँठे बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, दिशाओं का ज्ञान, बिना बर्तन के भोजन तैयार करना एवं तंबू निर्माण की जानकारी प्रदान की गई।




- दिनांक 01 मार्च 2023 को महाविद्यालय में आयोजित किए जा रहे त्रिदिवसीय वार्षिक रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के तीसरे व अंतिम दिवस झंडारोहण, प्रार्थना एवं झंडा गीत के उपरांत डी ओ सी गाइड पूनम चौधरी के निर्देशन में रेंजर्स ने सुंदर तंबुओं का निर्माण किया । रेंजर्स ने सुंदर रंगोली बनाई एवम फूड प्लाजा में स्वादिष्ट व्यंजन बना कर अपनी पाक कला दक्षता का परिचय दिया। तंबू निर्माण प्रतियोगिता में टोली नंबर पाँच मदर टेरेसा ने प्रथम स्थान, रंगोली प्रतियोगिता में टोली नंबर छः करतूरबा गांधी ने प्रथम स्थान एवम फूड प्लाजा प्रतियोगिता में टोली नंबर चार कल्पना चावला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ भारती दीक्षित, प्रोफेसर सुरेश जैन, प्रोफेसर लता कुमार, प्रो मंजू रानी इत्यादि सभी ने तंबू, रंगोली एवम फूड प्लाजा का निरीक्षण किया एवम रेंजर्स को विभिन्न प्रतियोगिताओं में उनके द्वारा निर्मित तंबुओं, रंगोली एवम स्वादिष्ट व्यंजन की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही रेंजर्स के सिद्धांत वाक्य "कोशिश करो, तैयार रहो, सेवा करो" को आत्मसात करने हेतु प्रोत्साहित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ लता कुमार, डा मोनिका चौधरी, डॉ राधा, डॉ शालिनी वर्मा, डा पारुल मलिक, डॉ मनीषा भूषण की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रेंजर्स प्रभारी डॉ. अनुजा गर्ग ने प्राचार्य एवम डी ओ सी गाइड पूनम चौधरी को पौधा भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।






- दिनांक 20.03.2023 को रेंजर्स प्रभारी के निर्देशन में गौरैया दिवस के उपलक्ष्य में लुप्त होती हुई गौरैया को बचाने के उद्देश्य से रेंजर्स ने प्लास्टिक की पुरानी बोतलों घास सुतली आदि अनुपयोगी वस्तुओं का पुनः प्रयोग करके आकर्षक घोंसले बनाएं एवं गौरैया संरक्षण के प्रति सजगता का परिचय देते हुए उन्हें पेड़ों पर लटकाया। साथ ही गौरैया व अन्य पक्षियों हेतु महविद्यालय परिसर में मिट्टी के बर्तनों में पानी भरकर रखा।




- दिनांक 5 अप्रैल 2023 को वार्षिकोत्सव समारोह में सत्र 2022–23 में वर्ष भर रेंजर्स के तत्वाधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, गतिविधियों, प्रतियोगिताओं एवं रेंजर्स वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सक्रिय प्रतिभागिता एवं उत्कृष्ट सहयोग के लिए कुमारी गरिमा पाल पुत्री श्री रामेश्वर बी ए द्वितीय वर्ष को सर्वश्रेष्ठ रेंजर के रूप में सम्मानित एवम पुरस्कृत किया गया। कुमारी अनामिका हरित बी एससी तृतीय सेमेस्टर, कुमारी शीतल बी एससी तृतीय सेमेस्टर, कुमारी निकिता पाल बी ए तृतीय सेमेस्टर, आंचल रानी पुत्री श्री राजेश कुमार बी ए प्रथम सेमेस्टर, कुमारी प्रियंका बी एससी प्रथम सेमेस्टर, कुमारी मुस्कान पुत्री श्री शराफत अली बी एससी तृतीय सेमेस्टर, कुमारी आंचल रानी पुत्री श्री पप्पू बी ए प्रथम सेमेस्टर एवम कुमारी खुशबू रानी बी ए प्रथम सेमेस्टर को नवरत्न रेंजर के रूप में विशिष्ट सेवा हेतु सम्मानित किया गया एवं पुरस्कृत किया गया।





- दिनांक 11 अप्रैल 2023 को क्रांति रेंजर्स टीम के तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य जागरूकता हेतु एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसका विषय था "सेव विमेन हेल्थ फ्रॉम साइलेंट किलर"। वर्कशॉप में रेंजर लीडर डॉ अनुजा गर्ग एवं कुमारी सिमरन कर्दम सीनियर रेंजर ने उपस्थित छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन से महिलाओं के स्वास्थ्य को होने वाली हानियों के बारे में विस्तृत रूप से बताया तथा डेमो देकर सैनिटरी नैपकिन की हानिकारक संरचना तथा उससे महिला स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को होने वाली हानियों के ऊपर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।




- दिनांक 18 से 19 मई 2023 तक शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम, मेरठ में रेंजर लीडर डॉ. अनुजा गर्ग के नेतृत्व में क्रांति रेंजर्स टीम की रेंजर्स द्वारा महाविद्यालय के निकट शरबत वितरण का स्टॉल लगाया । रेंजर्स के द्वारा राहगीरों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए ठंडा जल एवं रूह अफजा शरबत का पूर्ण सेवा भाव से वितरण किया गया ।



• दिनांक 03–06–2023 को मिशन लाइफ अभियान के अंतर्गत रेंजर लीडर डॉक्टर अनुजा गर्ग के नेतृत्व में पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए क्रांति रेंजर्स टीम की रेंजर्स द्वारा "पॉलिथीन को ना कहें" विषय पर पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रेंजर्स ने घर पर अनुपयोगी कपड़ो से उन्हें पुनः प्रयोग (Reuse) करने के उद्देश्य से कपड़े के थैले बनाए तथा उन्हें अपने आस पास के निवासियों को वितरित करके यह संदेश दिया कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पॉलिथीन के बैग के प्रयोग न कर, कपड़े के बने थैलों का प्रयोग करें। रेंजर्स ने नागरिकों को समझाया कि पॉलिथीन का प्रयोग पर्यावरण के लिए बहुत नुकसानदायक है। पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में रेंजर्स गरिमा पाल, खुशबू आंचल, कोमल, अनामिका, शीतल, करिश्मा, शाइस्ता, सुमन, वंशिका आदि का योगदान सराहनीय रहा।




समस्त प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों के सफल आयोजन एवं संचालन में प्राचार्य प्रो0 (डॉक्टर ) अंजू सिंह जी के कुशल नेतृत्व एवं दिशा निर्देशन में समिति के समस्त सदस्यों ने सराहनीय योगदान किया साथ ही महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों का भी सक्रिय सहयोग रहा।

प्राचार्य

प्राचार्य
शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, मेरठ

डॉ. अनुजा गर्ग
रेंजर लीडर